आवश्यक

राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन तिलक मार्ग,जयपुर

क्रमांकः— एफ13/1/3/वेबपो/वीएस/डीईएस/2017/I/68157/2017 दिनांकः-2-5-2017

ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं
नोडल अधिकारी (जन्म—मृत्यु)
पंचायत समिति....समस्त......
जिला....समस्त..............

विषयः— जन्म/मृत्यु एवं विवाह रजिस्ट्रीकरण की नियमित मॉनिटरिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जनसुविधा एवं रजिस्ट्रीकरण कार्य के त्वरित निष्पादन हेतु ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी को ब्लॉक में रजिस्ट्रीकरण कार्य के समन्वय, एकीकरण और पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी घोषित किया हुआ है एवं ब्लॉक से सम्बन्धित रिपोर्टस/प्रतिवेदन अवलोकन करने हेतु लॉगिन आई.डी. जारी किए गये हैं, परन्तु देखने में आया है कि उक्त कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है तथा ई—मित्र एवं आमजन से प्राप्त आवेदनों तथा निजी चिकित्सालयों से प्राप्त आवेदनों का रजिस्ट्रार द्वारा समय पर निस्तारण नहीं किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आमजन को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आमजन एवं ई—मित्र तथा निजी चिकित्सालयों से प्राप्त आवेदन का त्वरित रूप से निष्पादन कराया जाना सुनिश्चित करावें, साथ ही वेबपोर्टल 'पहचान' के माध्यम से सम्पादित किये जा रहे रजिस्ट्रीकरण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ.ओम प्रकाश बैरवा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांकः— एफ13/1/3/वेबपो/वीएस/डीईएस/2017/I/68157/2017 दिनांकः-2-5-2017

प्रतिलिपिः— समस्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म—मृत्यु) एवं उप/सहायक निदेशक, जिला....समस्त को निर्देशित किया जाता है कि वह जिले के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी से उक्तानुसार नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करावें।

निदेशक एवं संयुक्त सचिव